लाख टन या उससे अधिक चीनी बिकेगी, उस के बारे में कुछ तो अन्दाजा दिया जाये। दोनों आंकड़े, फ़िगर्ज सरकार के पास हैं।

SHRI JAGJIVAN RAM: I would like to explain this. The cost of production depends on three important factors: the price of sugarcane paid, the recovery that is made from the cane and the period of the crushing season. So far as the price is concerned, that is known, but so far as the recovery and the crushing period are concerned, they are not known as yet. Hon. Members know that at present the price of sugar various between Rs. 350 and Rs. 385—390 per quintal. These are the quotations ruling. 60 per cent of the production has to be given to Government as levy at controlled price and 40 per cent is free. What profit they have been able to make will depend upon the cost of production of the entire sugar based on recovery and period of crushing. After that calculation is made, everything will be clear as to what profit or loss sugar factories have made.

---

SHORT NOTICE QUESTION

**Disconnection of Telephones In Delhi**

+

S.N.Q.13. SHRI KAMESHWAR SINGH:
SHRI KANWAR LAL GUPTA:
SHRI D. N. PATODIA:
SHRI M. L. SONDHI:
SHRI LOBO PRABHU:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that 2500 telephones have been disconnected in Delhi recently;

(b) if so, the reasons for not informing the subscribers before the disconnections were effected;

(c) whether it is also a fact that Government subscribers have also defaulted payment; and

(d) if so, the reasons therefor?

**संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह)** : (क) 20 फरवरी, 1968 और 19 मार्च, 1968 के बीच अदायगी न करने के कारण लगभग 2575 टेलीफोनों के कनेक्शन काटे गये।

(ख) कनेक्शन काटने के पहले सभी मामलों में टेलीफोन पर पूर्व सूचना दे दी गई थी।

(ग) जी हां।

(घ) डाक-तार विभाग को इस के कारण मालूम नहीं है।

**श्री कामेश्वर सिंह** : मैं मंत्री महोदय से यह जानाना चाहूंगा कि क्या श्रीनिवास-पुरी और तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन्ज के टेलीफान भी डिसकनेक्ट कर दिये गये थे; यदि हां, तो क्या इस से जनता को लाभ हुआ है या हानि हुई है।

**डा० राम सुभग सिंह** : टेलीफोन के डिसकनेक्शन से उसके इस्तेमाल करने वाले लोगों को हानि होती ही है लेकिन जहां पैसे के अदायगी का सवाल होता है, वहां ऐसा किया जाता है।

**श्री कामेश्वर सिंह** : क्या मंत्री महोदय को इस बात की जानकारी है कि विभागीय पदाधिकारी प्राईवेट फ़र्मों के बिजनेसमैन से मिल कर उनके काल दूसरे लोगों के नाम में डाल देते हैं, जो कभी कोई काल नहीं करते हैं, जिससे लोगों को गलत बिल मिलते हैं; यदि हां, तो जो विभागीय पदाधिकारी इस बारे में गलती पर साबित होंगे, क्या उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ?

**डा० राम सुभग सिंह** : जी हां । अगर ऐसी इत्तिला मिलेगी, तो कार्यवाही की जायेगी ।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : ये जो 2500 के करीब-करीब टेलीफोन काटे गये हैं, इन में से काफ़ी टेलीफोन गलत तौर पर काटे गये हैं । किसी ने बिल की अदायगी कर दी थी, फिर भी उसका टेलीफोन काट दिया गया । ऐसा भी हुआ है कि एक का बिल दूसरे के पास पहुंच गया, या ज्यादा बिल पहुंच गया । उसमें भी टेलीफोन काट दिया गया । मैं यह जानना चाहता हूं कि ये जो 2500 के करीब टेलीफोन काटे गये हैं, इनमें से कितने गलत तौर पर काटे गए हैं और जिन्होंने उन टेलीफोनों को काटा है, उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है । मैं यह भी जानना चाहता हूं कि कौन-कौन से सरकारी दफ्तरों के टेलीफोन काटे गए हैं ।

**डा० राम सुभग सिंह** : इसके लिए नोटिस चाहिये क्योंकि अलग-अलग लेखा तैयार करना पड़ेगा। उत्तर में जो 2575 की संख्या दी गई है, उसमें सरकारी दफ्तरों के टेलीफोन आधे के करीब हो सकते हैं लेकिन वे टेलीफोन किस किस विभाग के हैं उसके लिए नोटिस चाहिये । जहां तक गलती का प्रश्न है मैं हर गलती के बारे में एक्शन लेने के लिए तैयार हूं ।

SHRI M. L. SONDHI: Are the methods followed by his department not such as to reflect a rather out-of-date disciplinary procedure, and should not more modern methods include providing for facilities of even extending credit to subscribers so that there is uninterrupted use of these facilities?

DR. RAM SUBHAG SINGH: We are prepared to be guided by the hon. Member's suggestion. But he should also see that his constituents pay in time.

MR. SPEAKER: He wants loans also.

DR. RAM SUBHAG SINGH: We are prepared to be guided by his suggestion and consider its feasibility, but he should see that his constituents do not default in payment.

SHRI M. L. SONDHI: I am willing to offer my co-operation provided the big stick is not there.

SHRI LOBO PRABHU: I would like to refer the Minister to two reported facts which have not been denied. The first is that some telephones have been cut off for failure to pay the arrears of 1957, though subsequent arrears have been paid. The second is that there is an amount of Rs. 15 lakhs in suspense account due to the failure of the staff to relate these payments to those who had made them. If the Ministry had pursued the suspense account and taken note of those who paid from 1957, is it not possible that those who had cleared the arrears would not have figured in this? Why did the Ministry fail to take action against the defaulters to pay since 1957?

Secondly, is the Ministry aware that there is a limitation for recovery of arrears even in civil courts to three years? Is there any provision by which it could ignore this limitation in a civil court and adopt a method which is worse, namely, cutting off a person's telephone? The same limitation as applies in a civil court should apply here also.

DR. RAM SUBHAG SINGH: We do not propose to ignore any rule, either the court rule or the suspense account rule or any other rule. But here no telephone connection has been cut off due to the fact that they did not pay their old arrears; this is being done in the case of those persons who have defaulted in paying their current bills. But re-connection is given when they clear their entire arrears.

SHRI LOBO PRABHU: I expect the Minister to give a reply which is related to my question.

DR. RAM SUBHAG SINGH: That is what I said.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: This abnormal method adopted of cutting off of the telephone connection has been due to the fact that there is a lot of inefficiency which is having a very paralysing effect on the subscribers, sending wrong bills, sending to the wrong persons etc. Will Government seriously and deeply look into this matter because nearly half of the connections involved are in government offices, and see that the whole system is reorganised on an efficient basis? In this morning's newspapers an interesting item has appeared that if you dial 100, the police number, you hear the programmes of AIR! That is also there. There is a lot of inefficiency. I want to know whether he will go deeply into this matter so that the entire system is reorganised.

DR. RAM SUBHAG SINGH: I am sorry that the hon. Member has generalised this question and says that on dialling 100, for the police, he heard the All India Radio programmes. He himself did not go deeply into this matter. Had he known that an amount of Rs. 10 crores is due from the subscribers, he would not have put this question in this form. We have already gone into the matter deeply and it is on that basis we are disconnecting the telephones; either they should pay or go without the telephone.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: The hon. Minister has missed my question. My question was in two parts. He himself says that about fifty per cent of them are Government subscribers. There should have been proper co-ordination between one Government department and another. His Ministry is also part of the same Government. I was only quoting a news-item to reiterate what the authorities have themselves said, namely, there is a mix-up in the line with the result they are getting AIR programmes on 100.

DR. RAM SUBHAG SINGH: The hon. questioner has at least three telephones—one in the Congress Party office, another as Chairman of the Estimates Committee and the third as a subscriber. Can he give an instance of his own telephone being mixed up with the AIR or police? About 50 per cent belong to the Government; that is what I said. But there is no difference for us, whether it is Government or private. The same rules prevail for all subscribers. We want everybody to pay the arrears.

**श्री गुणानन्द ठाकुर** : जैसाकि समाचार पत्रों में आया है यह टेलीफोन कनेक्शन कुछ मंत्रियों के भी कटे हैं। तो मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या मंत्रियों को नियत समय पर पे करने की इजाजत नहीं मिलती है जिससे पैसे नहीं दिये जाते हैं ? अगर हां तो मंत्रीगण और सरकारी विभाग के लोग क्यों अनियमितता बरतते हैं ? जब इस तरह की अनियमितता मंत्रियों की ओर से बरती जायेगी तो स्वाभाविक है कि और लोगों की ओर से भी होगी। इसलिए मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह कौन-कौन मंत्री हैं और क्यों उन्होंने समय पर बिल नहीं चुकाया ?

**डा० राम सुभग सिंह** : असल में जो प्रश्न पूछा गया उससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि कोई भी व्यक्ति हो चाहे वह किसी भी ओहदे का हो उसके यहां बिल जाता है और अपेक्षा की जाती है कि बिल की अदायगी की जाय नहीं तो टेलीफोन काटे जा सकते हैं। सबकी लिस्ट मेरे पास इस समय नहीं है क्योंकि 2575 नाम हैं।

SHRIMATI SUCHETA KRIPALANI: Is the Minister aware that there were several cases where the subscribers were given wrong bills and while they were getting their bills corrected, through your department, their phones were disconnected? And for re-connections they have to pay a penalty of Rs. 25.

DR. RAM SUBHAG SINGH: I shall myself try to get this information but if any instance is brought to my notice, I shall see that the re-connection charge of 25 is refunded immediately.

**श्री राम चरण** : जैसाकि बताया गया डिसकनेक्शन किस बेसिस पर होता है मैं उसकी वजह बताता हूं कि एकाउंट के अन्दर डिफक्टस हैं। एकाउंट का प्रोसीजर जो गवर्नमेंट पेमेंट का होता है वह 50 रुपये तक कैश बेसिस पर होता है और 50 रुपये से ऊपर पेमेंट बुक एडजस्टमेंट से होता है। चूंकि उस ऐडजस्टमेंट में कोआर्डिनेशन नहीं होता आफिस का एकाउंट का प्रोसीजर गलत होने की वजह से उनको पता नहीं चल पाता कि पेमेंट हुआ है या नहीं हुआ है इसलिए वह कनेक्शन कट जाते हैं। बुक एडजस्टमेंट ए० जी० के यहां होता है और इन के आफिस में रेकर्ड नहीं होता इसलिए पता नहीं चलता। इस कारण गलत तरीके से डिसकनेक्ट कर देते हैं। अगर टेलीफोन वाले सही इन्फार्मेशन रखें कि पेमेंट कहां हुआ है कहां नहीं हुआ हैं तो डिसकनेक्शन न करना पड़े। दूसरी बात मैं बताता हूं कि यह जनरल मैनेजर की चिट्ठी है जो मैं दिखा रहा हूं। एक एम० पी० को इतने छोटे से नोटशीट पर चिट्ठी जनरल मैनेजर ने लिखी है।

**डा० राम सुभग सिंह** : जनरल मैनेजर की आपने चर्चा की और आपने कहा बुक ऐडजस्टमेंट के बारे में। तो यह जो सुझाव है यह सब हम लोगों को मालूम है। कोई नई बात या सुझाव उनकी तरफ से मिलता तो हम उस को मानने के लिए तैयार हैं। जहां तक चिट्ठी का सवाल है कि चिट्ठी छोटी है तो चिट्ठी छोटी हो या बड़ी उसमें अगर सारी बातें लिखी हैं तो ज्यादा कागज बरबाद करना मैं कोई मुनासिब नहीं समझता और यह जनरल मेनेजर ने बड़ा अच्छा किया है जो छोटे कागज पर जवाब भेजा है।

SHRI D. C. SHARMA: The hon. Minister of Communications has very up-to-date knowledge of his portfolio. May I ask him why he could not have some system whereby a subscriber knows the number of calls he has made from his telephone? Unless that is done, complications will arise as bills that are prepared in the office are not very correct, because whether we are here or not, the bill always comes to Rs. 100 a month. May I know whether he will install a machine in order to tell us how many calls each telephone-subscriber has made from his telephone?

DR. RAM SUBHAG SINGH: I shall get this suggestion examined. We are also proposing to have a check meter system and it is being manufactured by ITI.

SHRI NAMBIAR: In case the Members are paying regularly, if their phones are tapped, will they get any reduction or concession because if telephones are tapped, their purpose is not served? Therefore those calls which are tapped should not be charged.

DR. RAM SUBHAG SINGH: It is an interesting question. Phones are tapped under the Posts and Telegraphs Act, both by the Central and the State Governments. I do not think we come into the picture in places where the hon. Member is having his party government or non-Congress Governments.

**श्री प० ला० बारूपाल** : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय अपने विभाग के बारे में बड़े वाकिफ हैं और जवाब भी अच्छा देते हैं। लेकिन मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। मेरे एक मित्र के घर में टेलीफोन था। उसको 1400 या 1800 रुपये का बिल आया है। मैंने आपको चिट्ठी लिखी तो वह काम हुआ। कुल 14 रुपये 87 पैसे उसके बिल के बनते थे।

लेकिन बिल 14 सौ का भेजा गया था। वह बिल तो ठीक हो गया आपको लिखने पर। लेकिन फिर टेलीफोन कनेक्शन आज तक नहीं मिला। दूसरी बात मैं स्वयं मुक्त भोगी हूं। मेरे घर पर टेलीफोन लगा है। उसका बिल आता है। मैं दो तीन दिन भी इधर उधर हो जाता हूं तो फौरन वह कनेक्शन काट देते हैं और फिर कहते हैं 30 रुपये जुर्माना दो। इस तरह से तीस तीस रुपये कर के मैंने कितने ही सौ रुपये जुर्माने भरे हैं। तो क्या इसके लिए कोई उचित व्यवस्था करेंगे?

**डा० राम सुभग सिंह:** बारूपाल जी ने जो बात यहां पर कही है उसके बारे में पहले हमको नहीं बताया। इनका बीकानेर का कनेक्शन जब वह वहां नहीं रहते हैं तो कट जाता है। उसकी देख रेख मैं करा दूंगा। अब जैसा कि वह स्वयं कहते हैं कि बिल का एडजस्टमेंट हो गया है अगर इसमें कनेक्शन देने की कोई बात है तो मैं उसको करा दूंगा।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** अब तक यह परम्परा रही है कि 15 से के लोकल कौल से एक आदमी दूसरे टेलीफोन से बात कर सकता है लेकिन कुछ दिनों से संचार मंत्रालय ने शायद जानबूझकर यह सुविधा प्रारम्भ की है कि एक जगह टेलीफोन मिलाया तो पांच जगह आसानी से मिल जाता है—मैं जानना चाहता हूं कि संचार मंत्रालय ने क्या किसी लाभ की दृष्टि से यह योजना चलाई है?

**डा० राम सुभग सिंह:** लाभ की दृष्टि तो नहीं है लेकिन अगर कोई गलती है तो उसे सूधारने की कोशिश की जायेगी।

**श्री बूटा सिंह :** इस समय चूंकि हमारे सामने टेलीफोन के बिल्ज का प्रश्न उठा है इस लिए यह चीज हमारे सामने आ गई है—क्या मंत्री महोदय को पता है कि बहुत से व्यापारियों और धनपुत्रों ने टेलीफोन एक्सचेंज के कर्मचारियों के साथ मिल कर लाखों रुपये के टेलीफोन के खर्च को खा जाने का इन्तजाम किया हुआ है। एक एक घन्टे पर डाइरेक्ट कल्ज़ चलती हैं और डिपार्टमेंट को उसका कोई फायदा नहीं होता?

**डा० राम सुभग सिंह :** यह ठीक है इस के लिए दिल्ली में पिछले दिनों कई टेलीफोन काटे गये हैं। हमारा विजिलेंस ऐसे टेलीफोन्ज की देख रेख कर रहा है।

**श्री हरदयाल देवगुण :** अध्यक्ष महोदय, यह बड़ा गम्भीर प्रश्न है—दिल्ली में 2500 टेलीफोन काटना दिल्ली के लिए एक असाधारण बात है, परन्तु इस सम्बन्ध में जो उत्तर दिया गया है वह बिल्कुल असन्तोषजनक है। ऐसा मालूम होता है कि मंत्री महोदय ने स्थिति की पूरी जांच नहीं की है। यह 2500 टेलीफोन कनेक्शनज काटने की स्थिति कैसे पैदा हुई—क्या आपको मालूम है कि जो पिछली फाइलें थी वे सारी निकाल कर एक तरफ रख दी गई हैं अथवा उनको नष्ट कर दिया गया है? दूसरे—टेलीफोन बिल्ज तैयार करने की जो व्यवस्था है उसमें आमूलचूल परिवर्तन कर दिया गया है पहले जो कार्ड सिस्टम था, उस को नये जेनरल मैनेजर ने बदल दिया है, इस समय मीटर पर जो गलतियाँ होती हैं, उन को ठीक करने और सुधारने का कोई तरीका नहीं है, अब टेलीफोन का सबसक्राइबर उन को कोई भूल बता नहीं सकता है?

**डा० राम सुभग सिंह :** जितनी बातें माननीय प्रश्नकर्ता महोदय ने बताई हैं, वे सारी इस के विपरीत जाती हैं, क्योंकि जो नये जैनेरल मैनेजर आये हैं, उन्होंने सुधार की दृष्टि से आमूल परिवर्तन किये हैं। पहले बिल कितना बड़ा था, अब उस को छोटा बना दिया गया है, उस में

पुराना कितना बकाया है, किस दिन बिल जायगा, कब तक उस को पेमेंट करना है, इन सब बातों का उल्लेख होता है। अगर आप वहाँ जा कर सारी स्थिति को देखें, तो आप उसकी तारीफ करेंगे। जितनी अच्छाइयां बतलाई गई हैं, वे बिल्कुल सही हैं। जिन बातों को वे गलत कहते हैं, मैं उनकी बातों को गलत कहता हूं। अब हर आदमी का एक इंन्डेक्स कार्ड हो गया है, कितना बकाया है, कितना बिल किस दिन जायगा, एक एक आदमी को यह मालूम है। अब बिल उस को पहली तारीख को या 11 तारीख को या 21 तारीख को जायगा और उस का पेमेंट उस को 30 से पहले कर देना चाहिये अगर नहीं करेंगे तो उस का टेलीफोन जायगा, फिर दोबारा टेलीफोन जायगा, इस से ज्यादा और क्या किया जा सकता है।

इस का परिणाम यह हुआ है कि 1 करोड़ 30 लाख रुपये की अदायगी एक महीने में हो गई है। सारे भारत में क़रीब 10 करोड़ रुपया (9.89 करोड़ रुपया) बकाया है, दिल्ली में 2.72 करोड़ रुपया बकाया था इस लिये मैं इस को जायज समझता हूं।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** : अभी मंत्री महोदय ने बताया कि कितने लोगों के बिल बाकी हैं, इस लिये टेलीफोन्ज के कनेक्शन्ज काट दिये गये हैं। क्या कुछ ऐसा पैसा भी बकाया है, जिसके बारे में विभाग के पास कोई ईत्तिला नहीं है कि वे टेलीफोन कहाँ से कहाँ हुये थे, ऐसा कितना पैसा बाकी है तथा उस का अनुपात क्या है ?

**डा० राम सुभग सिंह** : इस के लिये मुझे नोटिस चाहिये, सारी बातों का पता कर के प्रश्नकर्ता को पता पाउंगा।

SHRI S. M. BANERJEE: When we members of Parliament use the telephone in our Delhi residence, whether it is trunk call or local call, the charges are deducted from our salaries. But we have a great difficulty in clearing our dues on the telephones in our constituency, because unfortunately they are not deducted from our salary. The information is sent to our children or somebody else in the house there and they forget to inform us, and we get notices of disconnection. May I know whether the minister will evolve a method by which the charges for using the telephones in our constituency are also deducted from our salaries?

DR. RAM SUBHAG SINGH: I will examine that suggestion.

SHRI TENNETI VISHWANATHAM: One day as soon as I removed the receiver I heard a voice, "I had already sent the file to the External Affairs Ministry, why do you worry me? Will I be charged of that call?

DR. RAM SUBHAG SINGH: How can he be charged when without dialling he got the answer?

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI: May I know whether the minister is going to introduce the new billing system throughout the country immediately?

DR. RAM SUBHAG SINGH: That will be our attempt.

SHRI HEM BARUA: Disconnection of the telephones of defaulters is a laudable thing, because some Indians, including officers, need a kick on their pants so that they may be brougt to their senses and made conscious of their responsibility. At the same time the fact remains that there are certain anomalies in sending the bills and keeping the accounts also. May I know whether Government will enquire into those anomalies before disconnecting the lines?

DR. RAM SUBHAG SINGH: If they are brought to our notice, we will go into them and take suitable action.

SHRI S. KANDAPPAN: Out of the 2500 telephones disconnected, half belong to Government subscribers. I am curious to know whether his ministry also is included in that, because recently it has been found that in Madras, the P & T Department has not paid its dues for quite some time to the Corporation of Madras. In view of this performance of his ministry, may I know if his ministry also is included in this?

DR. RAM SUBHAG SINGH: We will be too happy if the Corporation applies similar rules like us.

श्री ओंकार लाल बेरवा : इलैक्शन के टाइम में दिल्ली में हजारों टेलीफोन दिये गये थे, जब वे हार गये तो अपने घर में बैठ गये और उनके टेलीफोन कनेक्शन आपने काट दिये। मैं जानना चाहता हूं कि उन के ऊपर जो रुपया बकाया है, वह किस तरह से वसूल किया जा रहा है और कितना रुपया बकाया है।

डा० राम सुभग सिंह : ऐसे केसेज में पहले से डिपोजिट लिया जाता है और बाद में वह बिल डिपाजिट में से एडजस्ट कर दिया जाता है।

SHRI S. KUNDU: The minister said that about Rs. 10 crores are pending from the subscribers. Is he aware that out of this, about Rs. 8 crores are pending from the Government departments throughout India and out of this large sums of money are due from Raj Bhavans? Will he enquire into it? If he is short of information, I can supply him. What is he going to do to realise this money? Once you disconnect, you are not absolved of all the responsibility. Sometimes these people who do not pay the dues escape, because you cannot go to a court of law and institute a suit, as you are barred after 3 years from filing a suit. Thus, a huge amount of money is lost by disconnection. Will be give some thought to this?

DR. RAM SUBHAG SINGH: Yes, Sir.

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### डाक और तार विभाग को हुई हानि

*904. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डाक और तार दर जांच समिति ने अपने अन्तरिम प्रतिवेदन में यह कहा कि डाक और तार विभाग को होने वाली हानि के लिए मुख्य रूप से विभागीय नियमों के प्रवर्तन में शिथिलता उत्तरदायी है;

(ख) क्या प्रतिवेदन में एसे मामलों का भी उल्लेख किया गया है जिनमें कर्मचारियों को चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति और समयोपरि भत्ते के रूप में उनके वेतन से कई गुना धनराशि दी गई है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं।

(ख) जी हां।

(ग) सरकार इस समस्या के प्रति पूरी तरह से जागरूक है और ध्यान में लाये जाने वाले ऐसे सभी मामलों की छानबीन करके उचित कार्रवाई की जा रही है।